Hindi Classes

Name ……………   Date………………

पाठ-9

गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मेरा नाम रोहन है। कमल मेरा बहुत अच्छा मित्र है और पढ़ाई में भी बहुत अच्छा है। हम दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते हैं। वह मेरे घर के पास ही रहता है। रोज सुबह हम एक साथ एक बस में पाठशाला जाते हैं और शाम को साथ-साथ पार्क में खेलते हैं। हम दोनों को झूला झूलना अच्छा लगता है।

1. रोहन के मित्र का नाम बताइए ?

रोहन के मित्र का नाम है-...

2. कमल पढ़ाई में कैसा है ?

कमल पढ़ाई में .... है।

3. कमल कहाँ रहता है ?

कमल .... रहता है।

4. रोहन व कमल शाम को पार्क में क्या-क्या करते हैं ?

वे दोनों शाम को पार्क में ....

....

Hindi Classes

गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक बार, एक गधे को शेर की खाल मिल गई। उसने उसे पहन लिया। खाल पहन कर गधा एकदम शेर के जैसे लगने लगा। गाँव के लोग उसे देखकर डर गए और भागकर अपने अपने घरों में छिप गए। गधा यह देखकर बहुत खुश हुआ।

1. गधे को क्या मिला ?

गधे को ....

2. गधे ने शेर की खाल का क्या किया ?

गधे ने शेर की खाल ....

3. गाँव वाले क्यों डर गए ?

....गाँव वाले डर गए।

4. गधा क्यों खुश हुआ ?

.... गधा खुश हुआ।

सही शब्द चुनकर खाली स्थानों में लिखिए।

के बीच, में, के नीचे, पर, के पास

1. सोनम अपनी माँ .... जाकर खड़ी हो गई।

2. कागज़ .... क्या है ?

3. कप .... चाय है।

4. मेरी किताब कागज़ों .... खो गई।

5. तुम वहाँ छत .... क्या कर रहे हो ?

Hindi Classes